युवाओं के कौशल विकास हेतु राज्य सरकार और टीएसएफ के बीच समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों?

6 अप्रैल, 2022 को राज्य सरकार ने राज्य के अधिकाधिक युवाओं के कौशल विकास और उन्हें उद्योग के लिये तैयार करने के उद्देश्य से सरायकेला-खरसावां ज़िले के चांडिल में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना हेतु टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) के साथ राँची में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- इस एमओयू पर सौरव रॉय (चीफ, कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, टाटा स्टील) और सत्यानंद भोक्ता (मंत्री, श्रम, रोज़गार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग) द्वारा हस्ताक्षर किये गए।
- चांडिल में स्थापित किया जाने वाला आईटीआई तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 100 छात्रों की प्रारंभिक क्षमता के साथ प्रशिक्षण प्रदान करेगा और 2023 शैक्षणिक सत्र से शुरू होगा।
- इसका उद्देश्य इसे एक ऐसा मंच बनाना है, जहाँ स्थानीय युवा रोज़गार के अवसरों का लाभ उठा सकें और अपने परिवार की आय में महत्त्वपूर्ण योगदान देने के सपने को पूरा कर सकें।
- टीएसएफ का ध्यान बहिष्कृत समुदायों तक पहुँचने पर होगा, विशेषरूप से जनजातीय क्षेत्रों में, जहाँ युवाओं को विशेष कौशल, सही ज्ञान और उन्हें लागू करने की जानकारी प्राप्त होती है।
- गौरतलब है कि यह टाटा स्टील फाउंडेशन का झारखंड में तीसरा आईटीआई संस्थान है। अन्य दो संस्थान- आईटीआई तामार और आईटीआई जगन्नाथपुर हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-state-government-and-tsf-for-skill-development-of-youth